### मगही और भोजपुरी भाषा को टेट परीक्षा से हटाने का विरोध

# सहायक अध्यापकों ने दी आंदोलन की चेतावनी

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** झारखंड में टेट परीक्षा से मगही एवं भोजपुरी भाषा को हटाए जाने के विरोध में पलामू के मेदिनीनगर कचहरी परिसर में रविवार को झारखंड राज्य सहयोगी संघर्ष मोर्चा, पलामू जिला इकाई की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार यादव ने की, जबकि संचालन अनुज कुमार दुबे ने किया।

बैठक में झारखंड राज्य सहयोगी शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष सह संघर्ष मोर्चा के राज्य सदस्य विनोद तिवारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि मगही और भोजपुरी भाषा को टेट परीक्षा से हटाना लाखों अभ्यर्थियों के साथ अन्याय है। इस निर्णय के खिलाफ राजनीतिक दलों, समाजसेवियों, छात्र संगठनों और शिक्षक संघों को एकजुट होकर आंदोलन करना होगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यह आंदोलन जनआंदोलन का रूप ले सकता है, जो सरकार के लिए भारी पड़ेगा।

बैठक को संबोधित करते हुए सुनील पाठक ने कहा कि सरकार भाषा को समाप्त कर लोगों की पहचान, सम्मान और अस्मिता को कमजोर करने का प्रयास कर रही है, जिसे पलामू के लोग सफल नहीं होने देंगे। जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार यादव ने कहा कि पलामू प्रमंडल के सभी नौ विधायकों एवं पूर्व विधायकों को मांग पत्र सौंपा जाएगा और उन्हें इस आंदोलन में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जाएगा।

अनुज कुमार दुबे ने डीएलएड और बीएड कर चुके युवाओं से इस आंदोलन में भाग लेने की अपील करते हुए कहा कि टेट परीक्षा का इंतजार कर रहे अभ्यर्थियों को अपने अधिकारों के लिए आगे आना होगा।

चैनपुर प्रखंड अध्यक्ष अमलेश कुमार चौरसिया ने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि यह निर्णय प्रशिक्षित युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। उन्होंने कहा कि मगही और भोजपुरी भाषा को पुनः लागू कराए बिना आंदोलन समाप्त नहीं होगा। वहीं पिंटू सिंह ने भी इस फैसले को पलामू प्रमंडल के साथ अन्याय करार दिया।

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी शुक्रवार को कचहरी परिसर में एक विस्तृत बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें पलामू प्रमंडल के सभी विधायक, पूर्व विधायक, जिला परिषद सदस्य, शिक्षक संघ के प्रतिनिधि, मेयर एवं डिप्टी मेयर को आमंत्रित कर आंदोलन को और मजबूत करने की रणनीति बनाई जाएगी। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष विनोद तिवारी, जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार यादव, अनुज दुबे, प्रखंड अध्यक्ष अमलेश कुमार चौरसिया, पिंटू कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में सहायक अध्यापक उपस्थित थे।

### आनंद विहार-पुरुलिया साप्ताहिक एक्सप्रेस की शुरुआत

# लखनऊ, अयोध्या, वाराणसी होते हुए डलटनगंज-रांची मार्ग से चलेगी नई ट्रेन, 2 अप्रैल से सेवा शुरू

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** यात्रियों के लिए बड़ी राहत की खबर है कि आनंद विहार टर्मिनल से पुरुलिया के बीच नई साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन (संख्या 14022/14021) का संचालन 2 अप्रैल 2026 से शुरू होने जा रहा है। यह ट्रेन पलामू समेत कई महत्वपूर्ण स्टेशनों से होकर गुजरेगी। रेलवे द्वारा जारी समय-सारणी के अनुसार ट्रेन संख्या 14022 आनंद विहार–पुरुलिया एक्सप्रेस प्रत्येक गुरुवार को सुबह 05:00 बजे आनंद विहार टर्मिनल से प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन डाल्टनगंज स्टेशन पर रात 12:30 बजे पहुंचेगी और 12:32 बजे प्रस्थान करेगी।

वहीं वापसी में ट्रेन संख्या 14021 पुरुलिया–आनंद विहार एक्सप्रेस प्रत्येक शुक्रवार को संचालित होगी, जो डाल्टनगंज स्टेशन पर सुबह लगभग 03:43 बजे पहुंचेगी और 03:45 बजे प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन एसी, स्लीपर एवं सामान्य श्रेणी के कोचों से सुसज्जित होगी।

**मुख्य ठहराव स्टेशन**

मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ जंक्शन, अयोध्या कैंट, वाराणसी जंक्शन, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी-ऑन-सोन, जपला, गढ़वा रोड, डाल्टनगंज, बरवाडीह, लातेहार, टोरी, लोहरदगा, रांची, मुरी एवं पुरुलिया जंक्शन। इस नई ट्रेन सेवा से पलामू क्षेत्र के यात्रियों को दिल्ली (आनंद विहार) तक सीधी कनेक्टिविटी मिलेगी, जिससे आवागमन आसान होगा और क्षेत्रीय विकास को भी गति मिलेगी।

# धीरज मेडिकल स्टोर संचालक सतेंद्र प्रसाद का निधन, शोक सभा में दी गई श्रद्धांजलि

- रांची में इलाज के दौरान ली अंतिम सांस, केमिस्ट संगठन ने जताया गहरा शोक

नवीन मेल संवाददाता




**पाटन (पलामू)।** पाटन थाना के सामने स्थित धीरज मेडिकल स्टोर के संचालक सतेंद्र प्रसाद के निधन पर केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट ऑर्गेनाइजेशन के प्रदेश महासचिव रमेश कुमार शुक्ला ने गहरा दुःख व्यक्त किया है।

जानकारी के अनुसार, सतेंद्र प्रसाद रांची के एक नर्सिंग होम में इलाजरत थे, जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर से क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। इस अवसर पर विद्या मेडिकल में शोक सभा का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता पलामू जिला सचिव अमिताभ मिश्रा ने की। उपस्थित लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की।

संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि इस दुख की घड़ी में केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट ऑर्गेनाइजेशन पूरी मजबूती के साथ शोकाकुल परिवार के साथ खड़ा है। शोक सभा में प्रदेश अध्यक्ष मृतुंजय शर्मा, गौरी शंकर मिश्र, सतीश तिवारी, सूरज अग्रवाल, प्रिंस साबरे, हनी सिन्हा, जितेंद्र कुमार, संजय अग्रवाल, पुरुषोत्तम अग्रवाल, पवन अग्रवाल, रामाकांत पांडेय, सुनील गुप्ता, संतोष गुप्ता, संजय कुमार, दिनेश वर्णवाल सहित कई व्यवसायी उपस्थित रहे।

### पलामू में किसानों को आधुनिक प्लास्टिक तकनीक का प्रशिक्षण

# दो दिवसीय कार्यक्रम में जल संरक्षण, संरक्षित खेती और उन्नत कृषि यंत्रों की दी गई जानकारी

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय, कांके (रांची) के कृषि अभियंत्रण विभाग द्वारा संचालित अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना के तहत अनुसूचित जाति के किसानों के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण 28 एवं 29 मार्च 2026 को क्षेत्रीय कृषि अनुसंधान केंद्र और कृषि विज्ञान केंद्र, चियांकी के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का मुख्य विषय "बागवानी फसलों में प्लास्टिक तकनीक का अनुप्रयोग" रहा, जिसमें किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों के माध्यम से खेती को अधिक लाभकारी और टिकाऊ बनाने के उपाय बताए गए।

28 मार्च को आयोजित प्रशिक्षण में केवीके चियांकी के प्रधान डॉ. राजीव कुमार, वैज्ञानिक सह-प्राध्यापक इर. प्रमोद कुमार तथा बीएयू रांची के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. प्रमोद राय ने किसानों को तकनीकी जानकारी दी। वहीं 29 मार्च को भी विशेषज्ञों ने किसानों को उन्नत कृषि पद्धतियों से अवगत कराया। प्रशिक्षण के दौरान किसानों को प्लास्टिक तकनीक के उपयोग से वर्षा जल संरक्षण, पॉलीहाउस के माध्यम से सालभर सब्जी उत्पादन, संरक्षित खेती एवं कम लागत में फलों को पकाने की वैज्ञानिक विधियों की जानकारी दी गई। इन तकनीकों से फसल की गुणवत्ता और उत्पादकता बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया। पहले दिन लेस्लीगंज प्रखंड के ग्राम कोड़िया से 35 किसानों ने भाग लिया, जबकि दूसरे दिन सतबरवा क्षेत्र के दारुडीह (अलखगंज) गांव से 35 किसानों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंतर्गत किसानों के बीच ड्राईलैंड वीडर, डच हो, मैनुअल मक्का शेलर, यूवी स्टेबलाइज्ड ट्रांसपेरेंट प्लास्टिक फिल्म तथा प्लास्टिक शेडनेट सामग्री का वितरण किया गया। प्रशिक्षण के सफल संचालन में अरुण कुमार, जावेद अंसारी एवं मुकेश कुमार का योगदान सराहनीय रहा। किसानों ने इस कार्यक्रम को उपयोगी बताते हुए इसकी सराहना की। साथ ही प्लास्टिकल्चर तकनीक से संबंधित 14 हिंदी यूट्यूब वीडियो भी किसानों के साथ साझा किए जाने की जानकारी दी गई।

### सड़क दुर्घटना में टीओपी-2 का जवान घायल, अस्पताल में चल रहा इलाज

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र अंतर्गत टीओपी-2 के जवान अमित कुमार सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। हादसे में उनके दाहिने हाथ में गंभीर चोट आई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, जवान अमित कुमार रविवार को अपनी बाइक से रेडमा के पांकी रोड क्षेत्र में गश्ती पर निकले थे। इसी दौरान मैयां बाबू अस्पताल के पास एक अन्य बाइक से उनकी टक्कर हो गई, जिससे वे सड़क पर गिरकर घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय दुकानदारों और ग्रामीणों की मदद से उन्हें तुरंत मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। डॉक्टरों के अनुसार घायल जवान की स्थिति फिलहाल खतरे से बाहर बताई जा रही है। पुलिस मामले की जानकारी लेकर आगे की कार्रवाई में जुटी है।

### लातेहार प्रखंड सहायक आचार्य कमेटी का गठन बिनोद बने अध्यक्ष

**लातेहार।** जिला स्तरीय कमिटी के गठन के बाद अब सहायक आचार्य संगठन को प्रखंड स्तर तक विस्तार दिया जा रहा है। इसी क्रम में खेल स्टेडियम में आयोजित बैठक में लातेहार प्रखंड कमिटी का गठन किया गया। पर्यवेक्षकों की उपस्थिति में सर्वसम्मति से बिनोद कुमार यादव को प्रखंड अध्यक्ष चुना गया। इसके साथ ही चक्रवर्ती कुमार सिंह को सचिव, अजय तिवारी को उपाध्यक्ष, दशरथ सिंह खरवार को कोषाध्यक्ष, अतिक्कुर रहमान को संरक्षक एवं अनिल उरांव को संयोजक बनाया गया। इसके अलावा जितेंद्र कुमार सिंह को मीडिया प्रभारी तथा माधुरी कुमारी और अनामिका कुमारी को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। बैठक में जिला स्तर के कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## कमल केडिया में नम्रता त्रिपाठी का भव्य स्वागत, रामभक्ति में डूबा रहा माहौल

नवीन मेल संवाददाता



**नीलांबर-पीतांबरपुर।** कमल केडिया में पूर्व मेयर प्रत्याशी नम्रता त्रिपाठी के आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। उनके स्वागत में स्थानीय ग्रामीणों, महिलाओं और रामभक्तों की बड़ी संख्या उमड़ी, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्साह और भक्ति का वातावरण देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान "जय श्री राम" के गगनभेदी जयघोष से माहौल भक्तिमय हो गया। भक्ति गीतों और धार्मिक नारों के बीच श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। आयोजन में रामनवमी की भावना के अनुरूप मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के आदर्श सत्य, धर्म, त्याग और कर्तव्य को विशेष रूप से याद किया गया। नम्रता त्रिपाठी ने मौके पर कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा है। उनके बताए मार्ग पर चलकर ही समाज में शांति, एकता और सद्भाव स्थापित किया जा सकता है। उन्होंने रामभक्तों का उत्साह बढ़ाते हुए सामाजिक समरसता और क्षेत्र के विकास के लिए मिलकर कार्य करने का आह्वान किया। इस अवसर पर धनंजय त्रिपाठी, शुक्ला जी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया और कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान दिया।

# संत मरियम विद्यालय में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित, मेधावी छात्र सम्मानित

- उत्कृष्ट परिणाम से गूंजा विद्यालय, शिक्षा के साथ संस्कार पर भी दिया गया जोर

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** संत मरियम विद्यालय में वार्षिक परीक्षा परिणाम की घोषणा हर्ष और उत्साह के माहौल में की गई। इस वर्ष विद्यालय का परिणाम अत्यंत उत्कृष्ट रहा, जिससे छात्र-छात्राओं, अभिभावकों और शिक्षकों में खुशी की लहर दौड़ गई।

इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव एवं प्राचार्य कुमार आदर्श ने संयुक्त रूप से मेधावी विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। सम्मान पाकर विद्यार्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे।

अपने संबोधन में चेयरमैन अविनाश देव ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल अंक प्राप्त करना नहीं, बल्कि जीवन में नैतिक मूल्यों और उत्कृष्टता को स्थापित करना है। उन्होंने कहा कि विद्यालय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है और यह परिणाम उसी का प्रमाण है।

उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि परीक्षा परिणाम सफलता का एक पड़ाव मात्र है, अंतिम लक्ष्य नहीं। निरंतर परिश्रम, अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ ही जीवन में सफलता प्राप्त की जा सकती है।

वहीं प्राचार्य कुमार आदर्श ने सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए बताया कि नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत 2 अप्रैल से होगी, जिसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।सी

विद्यालय प्रबंधन के अनुसार इस वर्ष अधिकांश विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर विद्यालय की प्रतिष्ठा को और भी ऊंचाई दी है।

कार्यक्रम में उप-प्राचार्य एस.बी. शाहा, समन्वयक अमरेंद्र कुमार, निकिता गुप्ता, एकता सहाय सहित अन्य शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# नगर निगम बोर्ड की पहली बैठक आज, पेयजल संकट पर होगा मंथन

- शहर विकास, स्वच्छता और बुनियादी सुविधाओं पर बन सकती है कार्ययोजना




नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नगर निगम के नवनिर्वाचित बोर्ड की पहली आधिकारिक बैठक आज आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता मेयर अरुणा शंकर करेंगी, जिसमें डिप्टी मेयर, नगर आयुक्त सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद रहेंगे। शपथ ग्रहण के बाद हो रही यह पहली बैठक शहर के विकास और बुनियादी समस्याओं के समाधान के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण मानी जा रही है। बैठक में पेयजल संकट को प्रमुख एजेंडा बनाया गया है। गर्मी के मद्देनजर जलापूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़ करने और स्थायी समाधान पर विशेष चर्चा की जाएगी।

इसके अलावा स्वच्छता, स्ट्रीट लाइटिंग और अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़े मुद्दों पर भी विस्तार से विचार-विमर्श किया जाएगा। नगर निगम के 35 वार्डों के पार्षद इस बैठक में भाग लेंगे।

सूत्रों के अनुसार, बैठक में वार्डवार समस्याओं को चिन्हित कर प्राथमिकता के आधार पर उनके समाधान की दिशा में ठोस निर्णय लिए जा सकते हैं, जिससे शहरवासियों को बुनियादी सुविधाओं में सुधार की उम्मीद है।

### पाटन में श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का भव्य शुभारंभ

# भक्ति और आस्था से सराबोर कलश यात्रा में उमड़ा जनसैलाब, वातावरण हुआ भक्तिमय

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर/पाटन।** पाटन चौक स्थित श्री श्री नर्मदेश्वर शिव मंदिर के स्थापना दिवस के पावन अवसर पर रविवार को सात दिवसीय श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का भव्य एवं श्रद्धामय शुभारंभ हुआ। पहले दिन निकाली गई कलश शोभा यात्रा ने पूरे क्षेत्र को भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर कर दिया।

हजारों श्रद्धालुओं की सहभागिता से निकली इस पावन यात्रा में आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। पीले वस्त्रों में सजे श्रद्धालु सिर पर कलश धारण कर भक्ति भाव से आगे बढ़ते रहे, वहीं "हरि नाम" और "जय श्री राम" के जयघोष से पूरा पाटन गुंजायमान हो उठा। वातावरण पूरी तरह आध्यात्मिक और दिव्य हो गया।

इस पावन अवसर पर पूर्व सांसद मनोज कुमार, जिला परिषद सदस्य जयशंकर कुमार सिंह (संग्राम सिंह), प्रमुख शोभा देवी एवं थाना प्रभारी शशि शेखर पांडेय सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने भगवान से क्षेत्र की सुख-शांति, समृद्धि और कल्याण की कामना की।

आयोजन समिति के सदस्यों के साथ-साथ बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि, समाजसेवी और श्रद्धालु इस धार्मिक अनुष्ठान में शामिल हुए।

**आगामी कार्यक्रमों की झलक:** समिति के अनुसार, यज्ञ के दौरान प्रतिदिन देव पूजन एवं परिक्रमा 30 मार्च से 5 अप्रैल तक होगी। वहीं प्रतिदिन रात्रि 8 बजे से 11 बजे तक श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। समापन के अवसर पर 6 अप्रैल को दोपहर 12 बजे से विशाल भंडारे (प्रसाद वितरण) का आयोजन होगा। समिति सदस्यों ने बताया कि यह सात दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान न केवल श्रद्धालुओं के लिए आध्यात्मिक ऊर्जा का स्रोत बनेगा, बल्कि समाज में प्रेम, भाईचारा और सकारात्मकता का संदेश भी प्रसारित करेगा।

### चतुर्थवर्गीय नियुक्ति प्रक्रिया जल्द शुरू करने की मांग

**मेदिनीनगर।** बेरोजगार संघर्ष मोर्चा की बैठक रविवार को कचहरी परिसर में आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने की। बैठक में चतुर्थवर्गीय कर्मचारियों की लंबित नियुक्ति प्रक्रिया को लेकर आंदोलन की समीक्षा की गई। अध्यक्ष उदय राम ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के आलोक में पलामू में चतुर्थवर्गीय नियुक्ति हेतु विज्ञापन प्रकाशित किया गया था, जिसमें करीब 36 हजार अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा नियुक्ति प्रक्रिया पर रोक लगाते हुए नई नियमावली लागू करने की बात कही गई थी। उन्होंने कहा कि अब नियुक्ति नियमावली को कैबिनेट से स्वीकृति मिल चुकी है, ऐसे में पलामू के 44,912 निबंधित बेरोजगारों के हित को ध्यान में रखते हुए नियुक्ति प्रक्रिया शीघ्र शुरू की जानी चाहिए। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 3 अप्रैल को प्रमंडलीय आयुक्त को मांग पत्र सौंपकर नियुक्ति प्रक्रिया जल्द शुरू करने की मांग की जाएगी।

# बारी में नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज रोमांचक मुकाबले में बारी विजयी

नवीन मेल संवाददाता



**सतबरवा।** प्रखंड के बारी गांव में खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का शनिवार शाम भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन इंटक प्रदेश सचिव विवेका त्रिपाठी, विधायक प्रतिनिधि अजय उरांव, पूर्व मुखिया रामाशीष सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता विनय सिंह एवं आशीष कुमार सिन्हा सहित अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। उद्घाटन मैच बारी और सरजा की टीमों के बीच खेला गया, जिसमें दर्शकों को रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। पहले बल्लेबाजी करते हुए बारी की टीम ने निर्धारित 10 ओवर में 80 रन का स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सरजा की टीम अच्छी शुरुआत के बावजूद 63 रन पर सिमट गई, जिससे बारी ने 17 रनों से शानदार जीत दर्ज की। मैच में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पीयूष कुमार को मैन ऑफ द मैच चुना गया। उन्होंने बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों में प्रभावशाली प्रदर्शन किया। इस अवसर पर अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन ग्रामीण युवाओं की प्रतिभा को निखारने का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने युवाओं को अनुशासन, खेल भावना और शिक्षा के साथ संतुलन बनाए रखते हुए आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। टूर्नामेंट को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल है। आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में दर्शक पहुंचकर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ा रहे हैं। आयोजकों के अनुसार प्रतियोगिता में क्षेत्र की कई टीमें भाग ले रही हैं, जिससे आने वाले दिनों में और भी रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे।

# दो वर्षों से अधूरी सड़क से ग्रामीण परेशान, आंदोलन की चेतावनी

- उड़ती धूल के कारण आवागमन में काफी कठिनाई

**नवीन मेल संवाददाता**



**केतार (गढ़वा)।** प्रखंड के पाचाडुमर शायरी मंदिर से कामदरवा गांव तक बनने वाली कालीकरण सड़क का निर्माण कार्य पिछले दो वर्षों से अधूरा पड़ा है, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार करीब दो करोड़ रुपये की लागत से मार्च 2024 में सड़क का शिलान्यास किया गया था, लेकिन संवेदक द्वारा गिट्टी बिछाकर कार्य अधूरा छोड़ दिया गया। नुकीली गिट्टी और उड़ती धूल के कारण आवागमन में काफी कठिनाई हो रही है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कई बार शिकायत के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। नवरात्रि के दौरान मंदिर आने-जाने में श्रद्धालुओं को भी परेशानी का सामना करना पड़ा और कई लोग चोटिल हुए। ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों से सड़क निर्माण जल्द पूरा कराने की मांग की है। प्रमुख चंद्रावती देवी ने बताया कि संवेदक को एक सप्ताह के भीतर कार्य शुरू करने का निर्देश दिया गया है। वहीं, संवेदक पक्ष ने फंड की कमी के कारण कार्य बाधित होने की बात कही है, लेकिन जल्द निर्माण कार्य शुरू करने का आश्वासन दिया है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि समय पर कार्य शुरू नहीं होने पर आंदोलन किया जाएगा।

## भानु प्रताप शाही को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह

खरौंधी (गढ़वा)। झारखंड प्रदेश भाजपा की नई टीम में पूर्व मंत्री भानु प्रताप शाही को पुनः प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने पर प्रखंड के भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। भाजपा मंडल अध्यक्ष उपेंद्र दास ने कहा कि भानु प्रताप शाही एक कर्मठ और संघर्षशील नेता हैं, जिनके नेतृत्व में संगठन और अधिक मजबूत होगा। उन्होंने विश्वास जताया कि उनके मार्गदर्शन में पार्टी की विचारधारा राज्य के हर घर तक पहुंचेगी। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि सुशील कुमार यादव, रामकृपाल द्विवेदी, मंशा देवी, राजा सिंह, विनोद सिंह, रामखेलावन पासवान सहित कई कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी।

## तीन माह से राशन नहीं मिलने पर ग्रामीणों का आक्रोश, विधायक से की शिकायत



**नवीन मेल संवाददाता**

**रमना।** प्रखंड के भागोडीह पंचायत अंतर्गत चुंदी गांव में पिछले तीन महीनों से राशन नहीं मिलने पर ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। करीब 150 लाभुकों ने विधायक अनंत प्रताप देव को ज्ञापन सौंपकर जांच और कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि जनवितरण प्रणाली के तहत मिलने वाला चावल, चना और शक्कर जनवरी से मार्च तक नहीं दिया गया, जिससे गरीब परिवारों के सामने खाद्य संकट उत्पन्न हो गया है। लोगों ने डीलर लीलावती देवी पर राशन की कालाबाजारी और गबन का आरोप लगाया है। वहीं डीलर ने सफाई देते हुए कहा कि निलंबन अवधि के दौरान वितरण में गड़बड़ी के कारण स्टॉक संबंधी समस्या उत्पन्न हो गई है, जिस पर विभाग को लिखित सूचना दी गई है।

## डंडई में बस पड़ाव का अभाव यात्री और चालक रोजाना परेशान

**नवीन मेल संवाददाता**



**डंडई (गढ़वा)।** प्रखंड मुख्यालय में बस पड़ाव की सुविधा नहीं होने से यात्रियों और वाहन चालकों को प्रतिदिन भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। करीब 28 गांवों और लगभग 80 हजार की आबादी वाले इस क्षेत्र में आज तक स्थायी बस स्टैंड का निर्माण नहीं हो सका है। डंडई से गढ़वा, पलामू, डाल्टनगंज, रांची, वाराणसी और छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों के लिए नियमित बस सेवा संचालित होती है, बावजूद इसके बसों के ठहराव के लिए कोई निर्धारित स्थान नहीं है। यात्रियों को सड़क किनारे खड़े होकर बस का इंतजार करना पड़ता है, जिससे उन्हें गर्मी, बारिश और अन्य असुविधाओं का सामना करना पड़ता है। बस चालकों ने बताया कि तय स्टैंड नहीं होने के कारण उन्हें अलग-अलग स्थानों पर वाहन रोकना पड़ता है, जिससे जाम और अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न होती है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से जल्द बस पड़ाव निर्माण की मांग की है।

## भक्ति जागरण में झूमे श्रद्धालु, विधायक ने दी रामनवमी की शुभकामनाएं

- देश में धार्मिक और सामाजिक वातावरण मजबूत हो रहा है: विधायक

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेराल (गढ़वा)।** रामनवमी के अवसर पर मां शायर देवी धाम मंदिर परिसर में भव्य भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी सहित अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। भोजपुरी गायक मोनू अलबेला एवं अदिति राज ने भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। विधायक ने लोगों को रामनवमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि देश में धार्मिक और सामाजिक वातावरण मजबूत हो रहा है। कार्यक्रम देर रात तक चलता रहा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

## गोलीकांड के आरोपी की गिरफ्तारी में सहयोग करने वाले व्यवसायी सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता**



**श्री बंशीधर नगर।** नगर उंटारी थाना क्षेत्र के नरखोरिया गांव के व्यवसायी मिठू जायसवाल को उनकी सूझबूझ और साहसिक भूमिका के लिए गढ़वा पुलिस ने सम्मानित किया। एसडीपीओ कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह एवं थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से उन्हें बुके देकर सम्मानित किया। एसडीपीओ ने बताया कि हाल ही में हुए गोलीकांड में घायल उमेश मेहता के आरोपी की गिरफ्तारी में मिठू जायसवाल की महत्वपूर्ण भूमिका रही। घटना के बाद उन्होंने बिना देर किए आरोपी का पीछा किया और पुलिस के साथ मिलकर उसे पकड़वाने में सहयोग किया। बताया गया कि उन्होंने सबसे पहले आरोपी की तस्वीर अपने मोबाइल में कैद कर उसे जिले के सभी थानों में भेजा, जिससे मात्र एक घंटे के भीतर आरोपी की गिरफ्तारी संभव हो सकी। पुलिस अधिकारियों ने उनके इस साहसिक कदम की सराहना करते हुए कहा कि आम नागरिक भी सतर्कता और सहयोग से अपराध नियंत्रण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

## भवनाथपुर में चैता दुगोला प्रतियोगिता का आयोजन, कलाकारों ने बिखेरा जलवा



**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर (गढ़वा)।** पंडरिया पंचायत के अधौरा गांव स्थित मांडर महारानी परिसर में चैता दुगोला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जनप्रतिनिधियों द्वारा फीता काटकर किया गया। चैता दुगोला में बिहार और झारखंड के कलाकारों के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ। कार्यक्रम के दौरान कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि इस तरह के आयोजन से क्षेत्र में सांस्कृतिक परंपराओं को बढ़ावा मिलता है और सामाजिक एकता मजबूत होती है।

## मां चतुर्भुजी प्रीमियर लीग: केतार थाना व पाचाडुमर सेमीफाइनल में

- केतार थाना टीम ने सुड़ीपुर को 66 रनों से हराया

**नवीन मेल संवाददाता**



**केतार (गढ़वा)।** मां चतुर्भुजी प्रीमियर लीग नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में शनिवार को खेले गए मुकाबलों में केतार थाना टीम और पाचाडुमर ने जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पहले क्वार्टर फाइनल मुकाबले में केतार थाना टीम ने सुडीपुर को 66 रनों से हराया। कप्तान अरुण कुमार रवानी के नेतृत्व में टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर में 146 रन बनाए। राज ने 13 गेंदों पर 56 रनों की विस्फोटक पारी खेली, जबकि मंगल ने 46 रन का योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए सुडीपुर की टीम 80 रन पर सिमट गई। शानदार प्रदर्शन के लिए राज को मैन ऑफ द मैच चुना गया। दूसरे मुकाबले में पाचाडुमर ने बेलाबार को हराकर अंतिम चार में जगह बनाई। अब सोमवार को सेमीफाइनल में केतार थाना और पाचाडुमर के बीच मुकाबला होगा, जिसे लेकर दर्शकों में उत्साह है।

### रमना प्रीमियर लीग सीजन-3 का शुभारंभ, पहले मैच में विशुनपुरा विजयी



रमना। राज्यकीय उच्च विद्यालय चटनीया के मैदान में शनिवार को रमना प्रीमियर लीग सीजन-3 नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम में मानवेंद्र प्रताप देव उर्फ मनु बाबा, विधायक प्रतिनिधि रोहित वर्मा, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार सिंह एवं अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर टूर्नामेंट की शुरुआत की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिथियों ने कहा कि खेल से युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और सकारात्मक सोच का विकास होता है। टूर्नामेंट के पहले मुकाबले में विशुनपुरा टीम ने बुल्का फाइटर को 15 रनों से हराकर जीत दर्ज की। आयोजन को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है और बड़ी संख्या में दर्शक मैच का आनंद लेने पहुंच रहे हैं।

## केतार की बेटी नील कुशुम ने गायन प्रतियोगिता में लहराया परचम



**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार (गढ़वा)।** प्रखंड के परसोडीह गांव की छात्रा नील कुशुम ने जिला स्तरीय गायन एवं नृत्य प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उत्कृष्ट विद्यालय परसोडीह की छात्रा नील कुशुम ने अपनी मधुर आवाज और प्रभावशाली प्रस्तुति से प्रतियोगिता में अलग पहचान बनाई। प्रतियोगिता में जिले के 16 विद्यालयों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन से प्रभावित होकर जिला शिक्षक एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) गढ़वा के प्रतिनिधि रणधीर कुजुर ने उन्हें मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। नील कुशुम ने अपनी सफलता का श्रेय मेहनत, आत्मविश्वास और शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया। उनके पिता लव वर्मा ने भी बेटी की उपलब्धि पर गर्व जताते हुए कहा कि बेटियां आज हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं। इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार एवं ग्रामीणों में हर्ष का माहौल है और सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## भाषा विकास का आधार बने, विवाद का नहीं : जेटेट नियमावली पर उठे सवाल

**नवीन मेल संवाददाता**

**कांडी (गढ़वा)।** झारखंड में जे टेट परीक्षा की नई नियमावली को लेकर भाषाई विवाद गहराता जा रहा है। राज्य सरकार द्वारा भोजपुरी और मगही भाषा को सूची से हटाए जाने पर छात्र संगठनों में आक्रोश व्याप्त है। इस मुद्दे पर अभाविप के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रिंस कुमार सिंह ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार का यह निर्णय दुर्भाग्यपूर्ण है और इससे झारखंड के लाखों भोजपुरी एवं मगही भाषी लोगों के साथ अन्याय हुआ है। उन्होंने कहा कि यह फैसला राज्य में भाषाई विभाजन को बढ़ावा दे सकता है, जिससे सामाजिक सौहार्द प्रभावित होने की आशंका है। उन्होंने बताया कि पलामू प्रमंडल सहित उत्तरी झारखंड के बड़ी संख्या में लोग भोजपुरी और मगही को अपनी मातृभाषा मानते हैं। इन भाषाओं का उपयोग शिक्षा, संस्कृति और दैनिक जीवन में व्यापक रूप से होता है। ऐसे में इन्हें जे टेट से बाहर करना क्षेत्रीय विद्यार्थियों के भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालेगा। प्रिंस कुमार सिंह ने आरोप लगाया कि इस निर्णय से हजारों अभ्यर्थी परीक्षा से वंचित हो सकते हैं। उन्होंने सरकार से नई नियमावली में संशोधन कर भोजपुरी और मगही भाषा को शामिल करने की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि मांग पूरी नहीं होने पर राज्यव्यापी आंदोलन किया जाएगा।



## नीलांबर-पीतांबर के शहादत दिवस पर उमड़ा जनसैलाब

नीलांबर-पीतांबरपुर। महान स्वतंत्रता सेनानी वीर शहीद नीलांबर-पीतांबर के शहादत दिवस पर शनिवार को प्रखंड कार्यालय स्थित प्रतिमा स्थल पर श्रद्धा और सम्मान का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की शुरुआत पांकी विधायक डॉ. कुशवाहा शशिभूषण मेहता द्वारा शहीदों की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की गई। उन्होंने कहा कि नीलांबर-पीतांबर ने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ संघर्ष करते हुए अपने प्राणों की आहुति दी, उनका बलिदान सदैव प्रेरणास्त्रोत रहेगा। उन्होंने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि वे शहीदों के संघर्ष और त्याग से प्रेरणा लेकर देशभक्ति की भावना को और मजबूत करें।

## मोहम्मदगंज में स्टेडियम निर्माण की उम्मीद अधूरी



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** सिंचाई विभाग के मैदान में प्रस्तावित स्टेडियम निर्माण की योजना पांच वर्षों बाद भी धरातल पर नहीं उतर सकी है। 5 मार्च 2022 को ही इसका प्रस्ताव संबंधित विभाग को भेजा गया था, जिसमें 2.63 एकड़ भूमि (खाता संख्या 520, प्लॉट संख्या 1286) का उल्लेख है। स्थानीय लोगों के अनुसार यह मैदान लंबे समय से खेल गतिविधियों का केंद्र रहा है, जहां अंतरराज्यीय फुटबॉल टूर्नामेंट आयोजित होते रहे हैं। कई युवाओं ने यहां अभ्यास कर सेना और पुलिस में नौकरी हासिल की है। आज भी बड़ी संख्या में युवा इस मैदान में दौड़ और शारीरिक अभ्यास करते नजर आते हैं। प्राकृतिक वातावरण से घिरा यह मैदान खिलाड़ियों के लिए उपयुक्त माना जाता है। साथ ही थाना और प्रखंड कार्यालय के समीप होने के कारण सुरक्षा की दृष्टि से भी सुरक्षित है। इसके बावजूद स्टेडियम निर्माण में हो रही देरी से खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों में निराशा है। स्थानीय लोगों ने सरकार से जल्द निर्माण कार्य शुरू करने की मांग की है।

## केडी एकेडमी में विदाई सह सम्मान समारोह सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधा समां

**रंका (गढ़वा)।** पंचायत भवन में केडी एकेडमी कोचिंग सेंटर द्वारा विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, अभिभावक एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने नृत्य, गीत और नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। समारोह में विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

## भाजपा का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर शुरू, कार्यकर्ताओं को मिला मार्गदर्शन



**नवीन मेल संवाददाता**

**रंका (गढ़वा)।** रंका प्लस टू हाई स्कूल परिसर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय महा अभियान के तहत दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर में रंका, बरगढ़, चिनिया, भंडारिया और रामकंडा प्रखंडों से बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए। प्रशिक्षण के दौरान कार्यकर्ताओं को संगठन की नीतियों, विचारधारा, जनसंपर्क और बूथ स्तर पर कार्य योजना की जानकारी दी गई। नेताओं ने कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत करने और जनसेवा में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

### दरिदह में निकली भव्य जलयात्रा, वैदिक मंत्रोच्चार के बीच यज्ञ स्थल पर जल स्थापना

## प्रतिदिन पूजा-पाठ, हवन व संगीतमयी श्रीराम कथा का होगा आयोजन

- जलयात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए

**नवीन मेल संवाददाता**



**कांडी (गढ़वा)।** प्रखंड के दरिदह गांव में आयोजित श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ सह संगीतमयी श्रीराम कथा के अंतर्गत रविवार को भव्य जलयात्रा निकाली गई। जलयात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए, जिससे पूरे क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय हो उठा। कार्यक्रम के दौरान मुख्य यजमान पप्पू सिंह एवं उनकी धर्मपत्नी चंचल देवी ने सोन नदी से विधिवत जल भरकर श्रद्धा और आस्था के साथ यात्रा में भाग लिया। जलयात्रा गांव के विभिन्न मार्गों से होते हुए संकट मोचन श्री हनुमान मंदिर परिसर स्थित यज्ञ स्थल पहुंची, जहां मुख्य पुजारी पंडित जयप्रकाश मिश्र ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच जल की स्थापना कराई। आयोजन समिति ने बताया कि महायज्ञ के दौरान प्रतिदिन पूजा-पाठ, हवन एवं संगीतमयी श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा है, जबकि रात्रि में रासलीला प्रस्तुत की जा रही है। ग्रामीणों और श्रद्धालुओं में इस धार्मिक आयोजन को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है।

# लकेया बांस टोली में रामनवमी-सरहुल का भव्य शोभायात्रा, पारंपरिक संस्कृति की झलक

नवीन मेल संवाददाता

**सिसई (गुमला)।** प्रखंड के लकेया बांस टोली में रामनवमी और सरहुल पर्व के अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का आयोजन नवनिर्मित अखरा से समाजसेवी किशोर उरांव के नेतृत्व में किया गया, जिसमें आदिवासी परंपरा और धार्मिक आस्था का सुंदर समागम देखने को मिला।



शोभायात्रा से पूर्व पाहान करमा उरांव, लखन उरांव एवं पूजार चउठा उरांव ने अखरा में मां सरना की विधिवत पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। इसके बाद फूल खोंसी की रस्म निभाई गई तथा श्रद्धालुओं को आशीर्वाद प्रदान कर शोभायात्रा की शुरुआत की गई।

ग्रामीणों के सहयोग से निर्मित अखरा इस आयोजन का केंद्र बना, जिसे समाजसेवी किशोर उरांव की पहल पर चंदा एकत्र कर तैयार किया गया है। शोभायात्रा में सैकड़ों की संख्या में आदिवासी समुदाय के महिला-पुरुष एवं बच्चे पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए। मांदर की थाप और डीजे की धुन पर नृत्य करते हुए श्रद्धालुओं ने पूरे गांव का भ्रमण किया।

पूरे गांव का परिक्रमा करने के बाद शोभायात्रा पुनः अखरा पहुंचकर संपन्न हुई। इस दौरान श्रद्धालुओं में उत्साह और आनंद का माहौल बना रहा।

# कुम्हार मोड़ में दो दिवसीय अखंड कीर्तन का शुभारंभ, भक्तिमय हुआ वातावरण



नवीन मेल संवाददाता

**सिसई (गुमला)।** प्रखंड के कुम्हार मोड़ स्थित हनुमान जी की भव्य प्रतिमा स्थल पर रविवार से दो दिवसीय अखंड कीर्तन का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुई। लक्ष्मी देवी प्रजापति एवं सलील प्रजापति ने पंडित विमलेश जी के सानिध्य में मंत्रोच्चारण के साथ पूजा संपन्न कराई। अखंड कीर्तन में लोहरदगा सहित विभिन्न क्षेत्रों की कीर्तन मंडलियां भाग ले रही हैं। बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस धार्मिक आयोजन में शामिल होकर भक्ति रस में सराबोर हो रहे हैं।

अखाड़ा समिति के अध्यक्ष महेंद्र बड़ाइक ने बताया कि वर्ष 2013 से यह अखंड कीर्तन निरंतर आयोजित किया जा रहा है और हर वर्ष इसमें श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ती जा रही है। उन्होंने कहा कि कुम्हार मोड़ स्थित हनुमान जी की प्रतिमा क्षेत्र में विशेष आस्था का केंद्र है, जहां दूर-दूर से भक्त पहुंचते हैं। समिति के सदस्यों ने बताया कि इस वर्ष भक्तों को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया है। आयोजन में कई स्थानीय लोगों का सराहनीय योगदान रहा।

# सिसई में जनजातीय सुरक्षा मंच की बैठक, सामाजिक मुद्दों पर हुई चर्चा



नवीन मेल संवाददाता

**सिसई (गुमला)।** जनजातीय सुरक्षा मंच के तत्वावधान में प्रखंड स्तरीय बैठक का आयोजन पिलखी मोड़ स्थित संजय कुमार वर्मा के आवास पर किया गया। बैठक में संगठन के विभिन्न पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए।

बैठक को संबोधित करते हुए संयोजक संदीप उरांव ने समाजिक एकजुटता पर बल देते हुए मई माह में प्रस्तावित जनआक्रोश रैली में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

बैठक में जनजातीय समाज से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई तथा संगठन विस्तार को लेकर भी निर्णय लिए गए। इस दौरान सोमेश्वर उरांव को सिसई प्रखंड का संयोजक नियुक्त किया गया, जबकि अन्य पदों पर भी कई लोगों को जिम्मेदारी सौंपी गई।

# महुआ मौसम में बढ़ा खतरा : जंगलों में सक्रिय हुए जंगली जानवर, वन विभाग ने जारी की एडवाइजरी

नवीन मेल संवाददाता

**चैनपुर।** चैनपुर अनुमंडल क्षेत्र के चैनपुर, डुमरी एवं जारी प्रखंड के विभिन्न गांवों से सटे जंगलों में इन दिनों जंगली जानवरों की गतिविधि में अचानक वृद्धि देखी जा रही है। हाथी, भालू, लोमड़ी सहित अन्य वन्य जीवों की लगातार आवाजाही से ग्रामीणों में दहशत का माहौल व्याप्त है।



स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार बीते कुछ दिनों से जंगलों के आसपास हाथियों के झुंड और भालुओं की मौजूदगी देखी जा रही है। वर्तमान में महुआ गिरने का मौसम होने के कारण बड़ी संख्या में ग्रामीण सुबह-सुबह और देर रात जंगलों में महुआ चुनने जाते हैं, जिससे जंगली जानवरों के हमले का खतरा काफी बढ़ गया है।

वन क्षेत्रपाल जगदीश राम ने बताया कि जंगल क्षेत्र में वन्य जीवों की सक्रियता बढ़ी हुई है। ऐसे में ग्रामीणों को विशेष सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि रात के समय जंगल जाने से यथासंभव बचें। यदि जाना अत्यंत आवश्यक हो तो अकेले न जाएं, बल्कि समूह में और पूरी सावधानी के साथ ही जाएं।

उन्होंने यह भी कहा कि यदि किसी जंगली जानवर का सामना हो जाए तो घबराकर शोर-शराबा न करें, क्योंकि इससे जानवर आक्रामक हो सकते हैं। ऐसी स्थिति में शांत रहकर धीरे-धीरे सुरक्षित दूरी बनाते हुए वहां से हटें और तत्काल वन विभाग को सूचना दें।

वन विभाग ने ग्रामीणों से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि महुआ मौसम में सतर्कता, संयम और सावधानी ही सबसे बड़ा बचाव है। विभाग द्वारा लगातार निगरानी की जा रही है ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके।

# चैनपुर में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया खजूर परब



नवीन मेल संवाददाता

**चैनपुर।** प्रखंड मुख्यालय क्षेत्र में ईसाई समुदाय द्वारा खजूर परब श्रद्धा और धार्मिक उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न गिरजाघरों में विशेष प्रार्थना सभाएं आयोजित की गईं, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

श्रद्धालुओं ने खजूर और ताड़ के पत्ते लेकर जुलूस निकाला तथा भजन-कीर्तन के माध्यम से प्रभु यीशु मसीह के यरूशलेम आगमन की स्मृति को याद किया। "होशाना" के जयघोष से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा।

धर्मगुरुओं ने बताया कि खजूर परब विनम्रता, प्रेम और सेवा का संदेश देता है तथा इसी के साथ ईसाई धर्मावलंबियों के पवित्र सप्ताह 'होली वीक' की शुरुआत होती है। कार्यक्रम शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ और श्रद्धालुओं ने समाज में शांति एवं भाईचारे की कामना की।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में परीक्षा फल वितरण, मेधावी छात्र हुए सम्मानित

नवीन मेल संवाददाता

**भरनो (गुमला)।** सीताराम साव सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में वार्षिक परीक्षा फल वितरण समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं, अभिभावकों और शिक्षकों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली।



कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद वार्षिक परीक्षा परिणाम की घोषणा की गई और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया गया।

प्रधानाचार्य सुरेश कुमार राय ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि अनुशासन, नियमित अध्ययन और कड़ी मेहनत से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।

## भरनो प्रखंड में अवैध निजी स्कूलों का बोलबाला, नियमों की अनदेखी कर हो रही मनमानी वसूली

**भरनो (गुमला)।** प्रखंड क्षेत्र में शिक्षा व्यवस्था को लेकर एक गंभीर मामला सामने आया है, जहां कई निजी विद्यालय बिना मान्यता और यू-डाइस (UDISE) कोड के धड़ल्ले से संचालित हो रहे हैं। ये स्कूल न केवल सरकारी नियमों की अनदेखी कर रहे हैं, बल्कि अभिभावकों से मनमानी फीस वसूली कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार महादेव चैगरी, करंज, मारासिली, डूडीया, डोंबा, अंबेरा, बाझिया टोली सहित दर्जनों गांवों में ऐसे स्कूल संचालित हैं, जिनके पास न तो वैध रजिस्ट्रेशन है और न ही बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध हैं। शिक्षा के अधिकार (आरटीई) कानून के तहत निजी विद्यालयों के लिए आवश्यक मानकों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। अभिभावकों का आरोप है कि इन स्कूलों में नामांकन शुल्क, यूनिफॉर्म, किताबें, जूते-मोजे और अन्य मदों के नाम पर भारी राशि वसूली जाती है। इसके अलावा हर वर्ष 'री-एडमिशन' के नाम पर अतिरिक्त शुल्क लिया जाता है, जिससे गरीब और मध्यमवर्गीय परिवार आर्थिक रूप से प्रभावित हो रहे हैं। शिक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि इन अवैध स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों का भविष्य भी अधर में है, क्योंकि यहां पढ़ाई करने वाले छात्रों का कोई आधिकारिक शैक्षणिक रिकॉर्ड नहीं बन पाता। इससे आगे चलकर उन्हें कई तरह की प्रशासनिक और शैक्षणिक समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग से मांग की है कि ऐसे स्कूलों की जांच कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए तथा बच्चों को मान्यता प्राप्त विद्यालयों में नामांकित कराने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

# घाघरा में चिल्ड्रन एकेडमी का वार्षिक उत्सव संपन्न, बच्चों ने दी मनमोहक प्रस्तुतियां




नवीन मेल संवाददाता

**घाघरा।** प्रखंड के रनहे गांव स्थित चिल्ड्रन एकेडमी विद्यालय में वार्षिक उत्सव सह प्रगति पत्र वितरण समारोह हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इस अवसर पर वक्ताओं ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को अनुशासन और परिश्रम के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी।

अनिरुद्ध चौबे ने विद्यालय की स्थापना (2005) से अब तक की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद यहां गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जा रही है। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने नृत्य, गीत और नाटक की आकर्षक प्रस्तुतियां दीं, जिसने उपस्थित अभिभावकों और अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया गया।

विद्यालय के संस्थापक सह निदेशक विजय कुमार साहू ने सभी अतिथियों, अभिभावकों और शिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम के सफल आयोजन पर प्रसन्नता जताई।

## जिला स्तरीय सहिया सम्मेलन आज, उत्कृष्ट स्वास्थ्यकर्मियों को मिलेगा सम्मान

**गुमला।** स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में सोमवार को कार्तिक उरांव महाविद्यालय में जिला स्तरीय सहिया सम्मेलन, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी सम्मान समारोह एवं नियोजित परिवार सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाली सहिया, एएनएम, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी एवं आदर्श दंपति को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान मातृ-शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण, पोषण एवं परिवार कल्याण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करना और जमीनी स्तर पर कार्य कर रहे स्वास्थ्यकर्मियों का उत्साहवर्धन करना है।

## गैस एजेंसियों की मनमानी के खिलाफ अधिवक्ताओं का मोर्चा, आज दर्ज होगा केस

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** जिले में रसोई गैस आपूर्ति में हो रही अनियमितताओं और उपभोक्ताओं की बढ़ती परेशानियों के खिलाफ अधिवक्ताओं ने मोर्चा खोल दिया है। गैस एजेंसियों पर लापरवाही और मनमानी का आरोप लगाते हुए अधिवक्ताओं ने उपभोक्ता फोरम में शिकायत दर्ज कराने का निर्णय लिया है। इस संबंध में सोमवार को औपचारिक रूप से केस दायर किया जाएगा। अधिवक्ताओं का आरोप है कि गैस बुकिंग के बावजूद समय पर सिलेंडर उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है, जिससे आम लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, कुछ एजेंसियों पर रात के समय ब्लैक में सिलेंडर बेचने का भी आरोप लगाया गया है। बताया गया कि एक सिलेंडर के लिए उपभोक्ताओं से 1500 से 2000 रुपये तक वसूले जा रहे हैं, जो निर्धारित दर से कहीं अधिक है। अधिवक्ता अमर कुमार सिन्हा ने कहा कि बुकिंग के बाद मैसेज तो मिल जाता है, लेकिन समय पर गैस नहीं मिलती, जिससे लोगों को मजबूरी में अधिक कीमत देकर सिलेंडर खरीदना पड़ता है। अधिवक्ताओं ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो बड़े स्तर पर आंदोल किया जाएगा।

## निंद्रा में टाना भगत स्मृति दिवस सह मेला आज

**चंदवा।** प्रखंड के निंद्रा स्थित स्मारक स्थल पर 30 मार्च को टाना भगत स्मृति दिवस सह भव्य मेला का आयोजन किया जाएगा। इसे लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस संबंध में आयोजित बैठक में मेला स्थल की साफ-सफाई, सुरक्षा, पेयजल एवं अन्य व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। आयोजकों ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने की उम्मीद है। बैठक में आयोजन को सफल बनाने के लिए विभिन्न जिम्मेदारियों का बंटवारा किया गया तथा सभी से सहयोग की अपील की गई।

# महा झींगा पालन से जनजातीय आजीविका को नई मजबूती, गुमला बना प्रेरक मॉडल

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** मत्स्य पालन के क्षेत्र में नवाचार के साथ गुमला जिला जनजातीय आजीविका सुदृढ़ीकरण का एक सफल मॉडल बनकर उभर रहा है। उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के मार्गदर्शन और जिला मत्स्य पदाधिकारी कुसुम लता के नेतृत्व में अल्प-उपयोगित जलाशयों में महा झींगा (मीठे पानी का विशाल झींगा) पालन को बढ़ावा दिया जा रहा है।

यह पहल आदिवासी समुदायों की आय बढ़ाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित हो रही है। इस अभियान को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद–केंद्रीय अंतर्देशीय मत्स्य अनुसंधान संस्थान, बैरकपुर के तकनीकी सहयोग तथा झारखंड मत्स्य पालन विभाग के माध्यम से संचालित किया जा रहा है। मार्च 2026 के अंतिम पखवाड़े में विशेषज्ञों की टीम ने डॉ. ए. के. दास के नेतृत्व में महा झींगा के किशोर बीजों का संचयन किया।

इसके तहत 27 मार्च को मसरिया जलाशय में 2,44,200 तथा 28 मार्च को धनसिंहटोली जलाशय में 2,53,730 झींगा किशोरों का सफल भंडारण किया गया। उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने कहा कि यह योजना केवल मत्स्य उत्पादन तक सीमित नहीं है, बल्कि जनजातीय परिवारों के लिए स्थायी आजीविका का सशक्त माध्यम बन रही है।

उन्होंने बताया कि इस मॉडल को राज्य के अन्य जिलों में भी विस्तार देने की योजना है। मत्स्य विभाग की इस पहल को उच्च स्तर पर सराहना मिल रही है। जिस प्रकार पिंजरा पद्धति से मछली पालन ने ग्रामीण मछुआरों की आय में वृद्धि की है, उसी तरह महा झींगा पालन भी दीर्घकालीन लाभ देने वाला सिद्ध हो रहा है।

गुमला में शुरू हुई यह पहल अब राज्य के लिए एक प्रेरक मॉडल बनती जा रही है, जो जल संसाधनों के बेहतर उपयोग के साथ जनजातीय सशक्तिकरण की नई मिसाल पेश कर रही है।

# एक माह से अंधेरे में बनटोली गांव, खराब ट्रांसफार्मर से जनजीवन अस्त-व्यस्त

नवीन मेल संवाददाता

**भरनो (गुमला)।** प्रखंड क्षेत्र के बनटोली गांव में पिछले एक महीने से बिजली ट्रांसफार्मर खराब रहने के कारण पूरा गांव अंधेरे में डूबा हुआ है। बिजली आपूर्ति ठप रहने से ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, वहीं संबंधित विभाग की उदासीनता भी सामने आ रही है।

ग्रामीणों के अनुसार करीब एक माह पूर्व गांव में लगा 100 केवीए ट्रांसफार्मर जल गया था, जिसके बाद से बिजली आपूर्ति पूरी तरह बंद है। कई बार विभाग को सूचना देने के बावजूद अब तक न तो मरम्मत की गई और न ही नया ट्रांसफार्मर लगाया गया।



बिजली नहीं रहने के कारण बच्चों की पढ़ाई बुरी तरह प्रभावित हो रही है। शाम होते ही गांव में अंधेरा छा जाता है, जिससे छात्र-छात्राओं को पढ़ाई में कठिनाई होती है। इसके अलावा पेयजल व्यवस्था, मोबाइल चार्जिंग और अन्य दैनिक कार्य भी बाधित हो रहे हैं।

पीडीएस व्यवस्था भी इससे प्रभावित हुई है। डीलर अर्चना कुमारी ने बताया कि बिजली नहीं रहने से पॉश मशीन से फिंगरप्रिंट लेने में दिक्कत हो रही है, जिससे राशन वितरण प्रभावित हो रहा है।

ग्रामीणों ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए शीघ्र ट्रांसफार्मर बदलने की मांग की है। वहीं विभागीय कर्मी ने कहा कि सूचना मिलने पर एक सप्ताह के भीतर समस्या का समाधान किया जाएगा।

